तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 26. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 15 जून 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

सड़क निर्माण में बाधक बने विद्युत पोल, डब्ल्यूएमएम कार्य ठप
4



(अकलतरा) प्रवेश प्रारंभ (अकलतरा)
प्रतिमाह मात्र 999/- में आई.टी.आई.
न्यू महाराणा I.T.I.
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक
योग्यता-10वीं पास (साइंस, गणित अनिवार्य)
स्थान सीमित
नोट: अतिशीघ्र संस्था आकर नाम पंजीयन करायें।
प्राचार्य: पोड़ीभांठा रोड (रेल्वे स्टेशन के पास) अकलतरा
मो. 9203914563, 9203914561, 9425556340

## खबर संक्षेप

### प्रभारी संस्था प्रबंधक से नियम विरुद्ध आहरित राशि की होगी वसूली

**बहेराडीह।** सेवा सहकारी समिति मर्यादित सिवनी पंजीयन क्रमांक 272 में पूर्व प्राधिकृत अधिकारी, अध्यक्ष कार्यकाल वर्ष 2023,24 में समिति प्रबंधक के द्वारा एक ही प्रस्ताव के प्रति में कुट रचना कर फर्जी तरीके से समिति के बैंक खाते से राशि 49 हजार 2 सौ 15 रूपये अपने स्वयं के बैंक खाते में समायोजन के सम्बन्ध में आवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसकी जांच उप आयुक्त सहकारिता जांजगीर द्वारा कराई गईं। शिकायत कर्ता सेवा सहकारी समिति सिवनी के पूर्व अध्यक्ष आशीष कुमार राठौर के शिकायत पर मामले की जांच प्रतिवेदन में ललित कुमार देवांगन प्रभारी संस्था प्रबंधक एवं तत्कालीन बैंक पर्यवेक्षक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा चांपा से मिलीभगत कर समिति के खाते से 49215 रूपये प्रभारी संस्था प्रबंधक के खाते में जमा किया गया, जिसे नियमानुसार वसूली किया जाना तथा उनके विरुद्ध सेवा नियम 2018 के तहत कार्यवाही किया जाना एवं तत्कालीन बैंक पर्यवेक्षक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा चांपा के विरुद्ध बैंकिंग नियम के तहत कार्यवाही किये जाने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रतिवेदन के आधार पर उप आयुक्त सहकारिता जांजगीर ने प्राधिकृत अधिकारी अशासकीय सेवा सहकारी समिति मर्यादित सिवनी, चांपा को निर्देशित किया है।

### पूर्व नेता प्रतिपक्ष चंदेल आज मुंगेली कल बालोद जिले के रहेंगे दौरे पर

**जांजगीर-चांपा।** छ.ग. विधान सभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण चंदेल सोमवार 15 जून को प्रातः 10:30 बजे कृषि विज्ञान केन्द्र जांजगीर में जैविक खेती के प्रयोग विषय पर आयोजित किसानों के सेमीनार में शामिल होंगे तथा अंचल के कृषकों से चर्चा करेंगे। इस अवसर पर कृषि वैज्ञानिकगण एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहेंगे। इसके पश्चात श्री चंदेल मुंगेली में जिला भाजपा द्वारा आयोजित प्रेसवार्ता में शामिल होंगे। तद्उपरांत वे मुंगेली में प्रबुद्धजनों से भेट करेंगे तथा भाजपा कार्यकर्ताओं से सौजन्य मुलाकात करेंगे। पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री चंदेल 16 जून को बालोद जायेंगे, वे बालोद में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित जिला स्तरीय प्रबुद्धजन व बुद्धजीवी सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे तथा प्रबुद्धजनों से संवाद करेंगे। कार्यक्रम के बाद वरिष्ठ नागरिकों से भेट करने उनके निवास पर जायेंगे तथा भाजपा कार्यकर्ताओं से सौजन्य भेट करेंगे।

### 28 पाव देशी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार, न्यायिक रिमांड पर भेजा गया

**चांपा।** अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत चांपा पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 28 पाव देशी प्लेन शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बरामद शराब की अनुमानित कीमत 2,240 रुपये बताई गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एसपी विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जिलेभर में अवैध शराब की बिक्री और परिवहन के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत थाना चांपा पुलिस ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को अवैध शराब के साथ पकड़ा। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रतन चंद्रा उम्र 42 वर्ष निवासी घोघरानाला चांपा के रूप में हुई है।

### मुख्यमंत्री ने दी 295 करोड़ से अधिक के 341 विकास कार्यों की सौगात

# अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना सरकार का लक्ष्यः साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रविवार को नवागढ़ विकासखंड के ग्राम पोंड़ी राछा में आयोजित कार्यक्रम में जिलेवासियों को विकास की बड़ी सौगात दी। मुख्यमंत्री ने 295 करोड़ रुपए से अधिक की लागत के 341 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। सड़क, पुल-पुलिया, पेयजल, सिंचाई, स्वास्थ्य जैसे जरूरी काम से सुविधाओं का विस्तार होगा और जिले के समग्र विकास को नई गति मिलेगी।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विधिविधान से पूजा अर्चना कर 224.90 करोड़ रुपये से अधिक के 182 कार्यों का भूमिपूजन किया। वहीं पूर्ण हो चुके 70.10 करोड़ रुपये से अधिक के 159 कार्यों का बटन दबाकर लोकार्पण करते हुए जनता को समर्पित किया। इस अवसर पर सीएम साय ने कहा कि इन विकास कार्यों से आने वाले दिनों में क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा और जनजीवन अधिक सुगम बनेगा।उन्होंने कहा कि विकास कार्य केवल निर्माण नहीं होते, बल्कि लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का माध्यम बनते हैं। राज्य सरकार का लक्ष्य अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है और इसी सोच के साथ प्रदेश में विकास एवं जनकल्याण के कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। सड़क, पेयजल, सिंचाई, स्वास्थ्य और अधोसंरचना से जुड़े कार्यों के माध्यम से लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व संसदीय सचिव अम्बेश जांगड़े, पूर्व सांसद श्रीमती कमला पाटले, पूर्व सांसद गुहाराम अजगले, पूर्व विधायक खिलावन साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता आनंद मिरी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया, अध्यक्ष जनपद पंचायत नवागढ़ श्रीमती कांता कश्यप, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अर्चना देवांगन, कलेक्टर जन्मेजय महोबे, एसपी विजय कुमार पांडेय, जिला पंचायत सीईओ गोकुल कुमार रावटे सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।




विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमि पूजन करते मुख्यमंत्री व साथ में अन्य जनप्रतिनिधि।

### पोड़ी राछा में विकास की कई घोषणा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पोड़ी राछा के सत्य निज नाम बोध संस्थान में आयोजित सत्य निज नाम सत्संग सम्मेलन में भी शिरकत की। इस दौरान सीएम ने विकास के लिए कई घोषणाएं की। मुख्यमंत्री ने रामसागर तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए 50 लाख और साहू समाज भवन निर्माण के लिए 15 लाख रुपये की घोषणा की।आजीविका संवर्धन एवं स्व-सहायता समूहों की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए आजीविका भवन निर्माण की घोषणा की। नवागढ़ में लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह भवन के निर्माण की भी घोषणा की। इसके अलावा किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ग्राम पंचायत पोड़ी में धान खरीदी केंद्र प्रारंभ करने की घोषणा की गई।

# दो जिलों के पेच में उलझ कर रह गया 24 गांव का समीकरण

### सक्ती जिला गठन के 3 साल बाद भी समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जांजगीर-चांपा से अलग होने के बाद सक्ती जिले को बने 3 साल से भी अधिक समय हो चुका है। इसके बावजूद 24 गांव का समीकरण आज भी उलझ कर रह गया है । स्थिति यह है कि इन गांव का जिला तो जांजगीर है लेकिन थाना का संचालन सक्ती जिले से हो रहा है, जिसके कारण इन गांवों के लोगों को विभिन्न समस्या को लेकर जांजगीर एवं सक्ती जिले का चक्कर लगाना पड़ता है।

गौरतलब है कि सक्ती जिले का गठन 9 सितंबर 2022 को किया गया है। जिला बनने के बाद ग्रामीणों को उम्मीद थी कि कई तरह की तकनीकी समस्याओं को लेकर उन्हें जांजगीर एवं सक्ती का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा, लेकिन विडंबना किया है कि जिला गठन की 3 साल बाद भी इस तरह की तकनीकी समस्या ग्रामीणों को हो रही है। स्थिति यह है कि 24 गांव मूल रूप से जांजगीर-चांपा जिले में है लेकिन इनका थाना सक्ती जिले के बाराद्वार एवं नगरदा में आता है। ऐसे में ग्रामीणों की दिक्कतें बढ़ गई है। जांजगीर-चांपा जिले के सरहर, हनुमंता, नवागांव लछनपुर, कुम्हारी कला, कुम्हारी खुर्द सहित 14 गांव सक्ती जिले के बाराद्वार थाना क्षेत्र अंतर्गत आते हैं, जिसके कारण ग्रामीणों को राजस्व कार्य के लिए जांजगीर एवं थाना संबंधित कार्यों के लिए बाराद्वार जाना पड़ता है। इसी प्रकार जांजगीर-जिले के 10 गांव का थाना क्षेत्र सक्ती जिले के नगरदा क्षेत्र में आता है, जिसके कारण ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ती है। इन गांव में गिधौरी, कचंदा, झरना, दरीबंजर समेत अन्य गांव इसी थाना क्षेत्र अंतर्गत आते हैं, जिसके कारण ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ती है। सक्ती जिले के हसौद क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत करही सक्ती जिले में आता है, जबकि इस गांव का थाना क्षेत्र बिर्रा में है, जिसके कारण किसी भी तरह के घटना हो जाने पर जांजगीर जिले के पुलिस के द्वारा कार्य किया जाता है, जबकि जिला सक्ती अंतर्गत आता है। ऐसे में गांव के लोगों को राजस्व एवं पुलिस संबंधित काम के लिए अलग-अलग जिला जाने की मजबूरी आज भी बनी हुई है।




#### भेजी गई जानकारी

जिले के दो दर्जन से अधिक गांव सक्ती जिले के थाना क्षेत्र अंतर्गत आते हैं। इसके कारण ग्रामीणों को कई तरह की तकनीकी समस्या होती है। इस बात की जानकारी उच्च अधिकारियों को भेजी गई है।

-ज्ञानेंद ठाकुर,
अपर कलेक्टर
जांजगीर-चांपा

### जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन की बैठक आज

**जांजगीर-चांपा।** जिला पंचायत के सामान्य प्रशासन की बैठक सोमवार 15 जून को आयोजित की गई है। सामान्य प्रशासन की बैठक दोपहर 3 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में विभिन्न एजेण्डा पर चर्चा की जाएगी। जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे ने सभी संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित होने कहा है।

## निर्माणाधीन मकान से 1.30 लाख के एसी और पंखे चोरी, दो सगे भाई गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

निर्माणाधीन मकान से एयर कंडीशनर और सीलिंग फैन चोरी करने वाले दो सगे भाइयों को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने मकान का ताला तोड़कर करीब 1.30 लाख रुपये मूल्य के चार एयर कंडीशनर और दो सीलिंग फैन चोरी किए थे। पुलिस ने चोरी का पूरा माल और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है। मामला मुलमुला थाना क्षेत्र के नगर पंचायत नरियरा की है।

पुलिस के अनुसार झलमला रोड नरियरा निवासी राहुल अग्रवाल ने थाना मुलमुला में शिकायत दर्ज कराई थी कि उन्होंने अपने निर्माणाधीन मकान में फिटिंग के लिए 17 एयर कंडीशनर और चार सीलिंग फैन सुरक्षित रखे थे। 31 मई की सुबह काम करने वाले कर्मचारी विकास ने उन्हें सूचना दी कि मकान के कमरे का ताला टूटा हुआ है। मौके पर पहुंचकर जांच करने पर चार एयर कंडीशनर और दो सीलिंग फैन गायब मिले। अज्ञात चोर लगभग 1.30 लाख रुपये का सामान चोरी कर फरार हो गए थे। शिकायत के आधार पर थाना मुलमुला में धारा 331(4), 305(ए) एवं 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस टीम ने आसपास लगे सीसीटीव्ही कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू किया। जांच के दौरान सीसीटीव्ही फुटेज में दिखाई दे रहे एक संदिग्ध युवक की पहचान बनाहिल निवासी अमित केंवट के रूप में हुई। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि अमित अपने बड़े भाई अमर केंवट के साथ मिलकर चोरी की वारदातों को अंजाम देता है। पुलिस ने अमित को हिरासत में लेकर पूछताछ की। शुरुआत में वह पुलिस को गुमराह करता रहा, लेकिन साक्ष्यों और गहन पूछताछ के बाद उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। पूछताछ में अमित ने बताया कि उसने अपने बड़े भाई अमर केंवट के साथ मिलकर निर्माणाधीन मकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी गए चार एयर कंडीशनर, दो सीलिंग फैन तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद कर ली।




पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## कहीं स्कूल भवन जर्जर तो कहीं परिसर में ट्रांसफार्मर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

स्कूलों के पट 16 जून से खुलने वाले हैं और विभाग के अधिकारी इसकी तैयारी में जुट गए हैं। इधर अकलतरा विकासखंड के कई स्कूलों में अभी भी बदहाली का आलम है। कहीं स्कूल भवन जर्जर है तो कहीं बिजली ट्रांसफार्मर से खतरा मंडरा रहा है। गर्मी की छुट्टी में भी व्यवस्था दुरुस्त नहीं की जा सकी।

- **बच्चों की सुरक्षा पर मंडरा रहा खतरा**

प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के दावों के बावजूद सरकारी स्कूलों का हाल बेहाल है। अकलतरा ब्लॉक में कई गंभीर समस्याएं अब भी समाधान की प्रतीक्षा कर रही हैं। कहीं स्कूल भवन जर्जर है तो कहीं परिसर में ही बिजली ट्रांसफार्मर हैं। ऐसे में खतरा मंडरा रहा है। कई बार जिम्मेदारों को अवगत कराने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। जनपद पंचायत अकलतरा के सभापति एवं क्षेत्र क्रमांक-11 के जनपद सदस्य ईश्वर साहू ने आरोप लगाया है कि शिक्षा और विद्यार्थियों की सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण मामलों में प्रशासन एवं संबंधित विभाग अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत लटिया स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय के कुछ कक्ष लंबे समय से जर्जर अवस्था में हैं। निरीक्षण और विभागीय जांच के बाद मरम्मत हेतु प्रस्ताव भेजा गया था, लेकिन नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने के बावजूद अब तक कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। इससे विद्यार्थियों और पालकों में चिंता बनी हुई है। वहीं ग्राम पंचायत कल्याणपुर के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय परिसर में विद्यालय भवन से सटे विद्युत ट्रांसफार्मर को भी दुर्घटना का संभावित कारण बताया गया है। स्कूल समय के बाद बच्चे इसके आसपास खेलते हैं, जिससे कभी भी अप्रिय घटना की आशंका बनी रहती है। ट्रांसफार्मर को हटाने के लिए एक वर्ष पूर्व आवेदन दिए जाने के बावजूद अब तक कार्रवाई नहीं हुई है। ईश्वर साहू ने क्षेत्र में शासकीय हायर सेकंडरी विद्यालय की अनुपलब्धता को भी गंभीर समस्या बताया। उनके अनुसार ग्रामीण विद्यार्थियों को उच्चतर माध्यमिक शिक्षा के लिए दूरस्थ क्षेत्रों में जाना पड़ता है, जिससे आर्थिक और परिवहन संबंधी कठिनाइयों के कारण कई छात्र-छात्राएं दसवीं के बाद पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि इन सभी समस्याओं के समाधान के लिए विभिन्न विभागों को लगातार पत्राचार किया गया है तथा सुशासन तिहार में भी आवेदन प्रस्तुत किया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो क्षेत्रवासियों, पालकों और जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर आंदोलन किया जाएगा।



लटिया के स्कूल भवन की जर्जर हालत।

### बरसात पूर्व रेत को अवैध तरीके से कर रहे डंप

## सिलादेही-गतवा में दिन रात चल रहा रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिलादेही और गतवा में दिन रात रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन और भंडारण का कार्य चैन माउंटेन किया जा रहा है। जिसके कारण हसदेव नदी के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है। बड़ी-बड़ी हाईवा भारी वाहन के रात और दिन निरंतर चलने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि जांजगीर-चांपा जिला के पुलिस थाना बिर्रा के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिलादेही और गतवा में दिन रात रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन और भंडारण का कार्य चैन माउंटेन मशीन और हाईवा भारी वाहन से तेज गति से निरंतर चल रहा है। बड़ी-बड़ी हाईवा भारी वाहने के निरंतर चलने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जहां पर रेत का भंडारण किया जा रहा है, उक्त स्थल में कोरबा वाले के नाम से रेत भंडारण का स्वीकृत होने का बोर्ड लगाकर दिन रात भारी मात्रा में भंडारण भी किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि रेत घाट की स्वीकृति और संचालन संबंधी आदेश का जानकारी स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अलावा पंचायत पदाधिकारी को आज तक नहीं दिया गया है, जिसके कारण स्थानीय लोगों का कहना है कि एनजीटी 2010 के नियमों के अनुसार हसदेव नदी से रेत खनन में भारी मशीनों का उपयोग पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा है। इसके बावजूद भी यहां सिलादेही और गतवा घाट पर मुक्त रेत माफिया के द्वारा लगातार रात और दिन चैन माउंटेन मशीन से अवैध रेत उत्खनन व परिवहन एवं भंडारण भी किया जा रहा है। चैन माउंटेन मशीन के उपयोग करने से हसदेव नदी में बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढा बन जा रहे हैं। निकट भविष्य में दुर्घटनाओं को रेत माफिया के द्वारा निमंत्रण दिया जा रहा है। इसके साथ ही पर्यावरण को भी बर्बाद कर रहे हैं। रेत माफिया के द्वारा अवैध रूप से रेत का खनन व परिवहन और भंडारण लगातार किया जा रहा है, जिसमें जिम्मेदार अधिकारी अंकुश लगाने में नाकाम है। रेत माफिया रेत का भंडारण करके आने वाले बरसात के दिनों में औने पौने दामों में बेचने के फिराक में लगा हुआ है। इसलिए रेत माफिया के द्वारा चैन माउंटेन मशीन और भारी-भारी वाहनों से सिलादेही के पुल के किनारे में रेत का खुलेआम अवैध रूप से भारी मात्रा में पहाड़ जैसे भंडारण भी किया जा रहा है। रेत माफिया के द्वारा रेत उत्खनन और राष्ट्रीय पर्यावरण अधिनियम का खुलेआम धज्जियां उड़ाया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि छोटे-मोटे ट्रैक्टर को पकड़कर खनिज विभाग वाह वाही लूटा रही है, जिसके कारण ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है।



इस तरह किया जा रहा रेत को डंप।

#### की जाएगी कार्रवाई


अवैध रेत उत्खनन एवं अवैध परिवहन और अवैध भंडारण पर राजस्व विभाग के द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। सिलादेही और गतवा में भी अवैध उत्खनन की शिकायत प्राप्त होने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

-पवन कोसमा,
अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चांपा

## रिश्वत मांगने के आरोप में प्रधान आरक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पंतोरा चौकी में पदस्थ प्रधान आरक्षक रमेश त्रिपाठी को एसपी ने निलंबित कर दिया है। जमीन पर कब्जा दिलाने को लेकर रिश्वत मांगने के आरोप और विडियो जारी होने पर कार्रवाई की गई है। मामले की जांच के लिए अकलतरा एसडीओपी को जिम्मेदारी दी गई है। जिले में पुलिस विभाग ने अनुशासनहीनता और भ्रष्टाचार के आरोपों पर सख्त रुख अपनाते हुए चौकी पंतोरा में पदस्थ प्रधान आरक्षक रमेश त्रिपाठी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए यह कार्रवाई की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधान आरक्षक रमेश त्रिपाठी पर चौकी पंतोरा क्षेत्र के एक आवेदक से विवादित भूमि पर कब्जा दिलाने के नाम पर पैसों की मांग करने का आरोप लगा है। मामले की शिकायत और संबंधित विडियो पुलिस अधीक्षक के संज्ञान में आने के बाद तत्काल जांच प्रारंभ की गई। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए एसपी विजय कुमार पाण्डेय ने प्रधान आरक्षक रमेश त्रिपाठी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश जारी किया। साथ ही मामले की निष्पक्ष एवं विस्तृत जांच के लिए अकलतरा एसडीओपी प्रदीप कुमार सोरी को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। पुलिस विभाग के अनुसार जांच के दौरान सभी तथ्यों और साक्ष्यों का परीक्षण किया जाएगा। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।



- **एसपी ने की कार्रवाई, एसडीओपी को दिया जांच का जिम्मा**

## खबर संक्षेप



### पॉश कॉलोनी में जर्जर मकान बने परेशानी का सबब

**कोरबा।** महाराणा प्रताप नगर क्षेत्र में स्थित दो जर्जर और खंडहरनुमा मकान स्थानीय निवासियों के लिए चिंता का बड़ा कारण बन गए हैं। एलआईजी-141 के सामने स्थित ये पुराने भवन वर्षों से बदहाल अवस्था में पड़े हुए हैं और अब इनमें विषैले सांपों समेत अन्य जीव-जंतुओं का बसेरा होने की आशंका जताई जा रही है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि इन खंडहर मकानों के कारण आसपास रहने वाले लोगों, विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार लंबे समय से खाली पड़े इन मकानों की हालत लगातार खराब होती जा रही है। भवनों की दीवारें और संरचनाएं जर्जर हो चुकी हैं, जबकि आसपास झाड़ियां और गंदगी भी जमा हो गई है। ऐसे वातावरण में सांपों और अन्य खतरनाक जीवों के पनपने की संभावना बढ़ गई है। रहवासियों का दावा है कि कई बार सांप इन खंडहरों से निकलकर आसपास के घरों और गलियों तक पहुंच चुके हैं, जिससे लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। स्थानीय नागरिकों ने नगर निगम कोरबा और जिला प्रशासन से मांग की है कि इन खंडहर भवनों का तत्काल सर्वे कराया जाए। साथ ही भवन मालिकों की पहचान कर उन्हें नोटिस जारी किया जाए और आवश्यकतानुसार भवनों की मरम्मत या सुरक्षित ढंग से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाए।

### मूलभूत सुविधाओं को तरस रहा मुक्तिधाम अंतिम संस्कार में होती है परेशानी

**कोरबा।** नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 16 व 17 घुडदेवा के मध्य स्थित मुक्तिधाम में मूलभूत सुविधाओं के अभाव से जूझ रहा है, जिसके कारण अंतिम संस्कार में शामिल होने वाले परिजनों, ग्रामीणों और स्थानीय लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों से मिली जानकारी के अनुसार, इस मुक्तिधाम में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। यहां ना तो बैठने के लिए कोई शेड है और ना ही पानी एवं साफ-सफाई की कोई उचित व्यवस्था है। अंतिम संस्कार में शामिल होने आने वाले लोगों के लिए पीने के पानी तक की व्यवस्था नहीं है। तेज धूप या बारिश के मौसम में लोगों को सिर छिपाने के लिए जगह ढूंढनी पड़ती है। बाउंड्रीवॉल न होने से असामाजिक तत्वों और मवेशियों का डेरा लगा रहता है। मुक्तिधाम तक जाने वाला रास्ता भी जर्जर हो चुका है, जिससे शवयात्रा ले जाने में भारी मशक्कत करनी पड़ती है। वार्ड वासियों का कहना है कि इस संबंध में कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नगर पालिका प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया गया है, लेकिन आज तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

### भाजपा जिला कोरबा की मासिक बैठक संपन्न

**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी जिला की मासिक बैठक जिला कार्यालय पंडित दीनदयाल कुंज में जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे प्रधानमंत्री के 12 साल बेमिसाल अभियान, बूथ सशक्तिकरण, संगठनात्मक गतिविधियों एवं आगामी कार्यक्रमों की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। मोदी जी के 12 साल बेमिसाल अभियान के माध्यम से इन उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि भाजपा की वास्तविक शक्ति उसका बूथ संगठन है और बूथ स्तर पर सक्रिय एवं सशक्त कार्यकर्ता ही पार्टी की विजय का आधार होते हैं। बैठक में संजय शर्मा एवं अजय विश्वकर्मा, अजय पांडेय, योगेश जैन, रूक्मणी नायर, सतीश झा, अजय दुबे, कमला बरेठ, कमला किंडो, विवेक मार्कंडेय, अर्जुन गुप्ता, शैलेन्द्र यादव, संजय राठौर, प्रदीप सिंह एवं नीरज ठाकुर सहित जिला पदाधिकारी एवं जिले के मंडल प्रभारी उपस्थित रहे।

### दर्री-हरदीबाजार समेत कई थाना प्रभारियों का हुआ तबादला

**कोरबा।** जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने पुलिस महकमे में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। जारी आदेश के तहत कई निरीक्षकों की पदस्थापना में बदलाव किया गया है। तबादला आदेश के अनुसार निरीक्षक तेज यादव को दर्री थाना प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। औद्योगिक गतिविधियों और संवेदनशीलता के लिहाज से महत्वपूर्ण माने जाने वाले इस क्षेत्र में उनकी नियुक्ति को अहम माना जा रहा है। विभाग को उनसे अपराध नियंत्रण के साथ-साथ जनता से बेहतर समन्वय की भी अपेक्षा है। वहीं निरीक्षक आशीष सिंह को दर्री थाना से स्थानांतरित कर हरदीबाजार भेजा गया है। हरदीबाजार क्षेत्र में अवैध कारोबार, जुआ-सट्टा और असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने की चुनौती उनके सामने रहेगी।

# पोड़ी पुल की एप्रोच रोड की मिट्टी बहने से दुर्घटना का बढ़ा खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पाली-सिल्ली मुख्यमार्ग पर ग्राम पोड़ी के समीप पुलिया की एप्रोच रोड का एक हिस्सा पिछले साल की भारी बारिश में क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन संबंधित अधिकारियों और निर्माण एजेंसी ठेकेदार ने आज पर्यन्त सुधार की सुध नही ली। यदि बरसात पूर्व मरम्मत नहीं हुआ तो पुल और सड़क के बहने अथवा कटाव खतरा है।

पाली से सिल्ली मार्ग पर पोड़ी के निकट मुख्यमार्ग का यह धंसा हिस्सा हादसों को खुला न्योता दे रहा है। इस बरसात स्थिति और भी भयावह हो सकती है। लोक निर्माण विभाग द्वारा मार्ग के पुर्ननिर्माण और उन्नयन कार्य के लिए गत 15 जून 2020 को कार्यदेश जारी किया गया था। कार्य अवधि 20 माह तय थी और निर्माण का जिम्मा मेसर्स के एल ए- वी के जे (जेवी) को सौंपा गया था, लेकिन करोना

**बरसात पूर्व मरम्मत नहीं होने पर पुल, सड़क के कटाव की बढ़ीं भावना**



त्रासदी की वजह से निर्माण नियत अवधि से 2 साल विलंब पूर्ण हुआ। देर आए-दुरुस्त आए की तर्ज पर इस मुख्यमार्ग का कायाकल्प तो हुआ और करोड़ो खर्च के बाद लोगों को उम्मीद थी कि अब वर्षो तक सड़क की चिंता नही रहेगी, लेकिन इस निर्माण के बाद गत भारी बारिश में ग्राम पोड़ी के पास मुख्यमार्ग पर पुलिया किनारे का एक बड़ा हिस्सा धंस गया है। एप्रोच रोड के धंसने और क्रैश बेरियर टूटकर लटकने से यह हिस्सा किसी बड़े सड़क हादसे को खुला न्योता दे रहा है, क्योंकि जहां सड़क का हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है, वहां नीचे नाला बह रहा है और ऊपर से रोजाना सैकड़ो हल्के, भारी-भरकम वाहन गुजर रहे हैं। ग्रामीणों के मुताबिक विभागीय अधिकारियों को कई बार मौखिक-लिखित सूचना देने और सुशासन तिहार में फरियाद लगाने के बाद भी नतीजा सिफर रहा है। मानसून अब कुछ ही दिनों में दस्तक देने वाला है, लेकिन मरम्मत को लेकर विभाग और ठेकेदार उदासीन है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सड़क की मरम्मत नही हुई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। जिसकी सारी जवाबदारी संबंधितों की होगी।

**गहनिया लेमरु मार्ग में चल रहा विद्युतीकरण का काम, विभाग ने ठेकेदार को किया तलब**

# पीएम सड़क के सोल्डर में ही गाड़े बिजली के पोल, हादसे का भय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको क्षेत्र के गहनिया से लेकर अरेतरा लेमरु मार्ग में बनाई गई पीएम सड़क के किनारे सोल्डर में ही बिजली के पोल गाड़े जाने से हादसों का आशंका बनी हुई है। वहीं पीएम सड़क के अधिकारियों ने बिजली पोल गाड़ने वाले ठेकेदार को विभाग ने तलब भी किया है। विभाग के अनुसार भविष्य में सड़क की चौड़ाई बढ़ने से पोल शिफ्टिंग की समस्या खड़ी होगी।

ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली पोल लगाने का काम चल रहा है। जिसे ठेकेदारों के द्वारा ना तो वन विभाग से एनओसी ली जा रही है और ना ही पीएम सड़क योजना के अधिकारियों से संपर्क किया जा रहा है। ऐसा ही मामला बालको क्षेत्र के ग्राम गहनिया से लेमरु मार्ग में नजर आया जहां बिजली पोल गाड़ने का काम हो रहा है। विभाग के अधिकारियों के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे पीएम जनमन सड़क के निरीक्षण के दौरान इस मामले को संज्ञान में लिया और ठेकेदार को तलब भी किया



बिजली का खंभा जिससे है लोगों को हादसे का डर।

है। सड़क से कुछ दूर पोल लगाने के निर्देश दिए गए हैं। पीएम सड़क के उप अभियंता कमलेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पीएम सड़क के निर्माण के दौरान लगभग तीन फुट सड़क के दोनों ओर मिट्टी मुरुम डालकर सोल्डर तैयार किया जाता है ताकि सड़क का कटाव ना हो सके और भविष्य में सड़क चौड़ीकरण के लिए जगह भी मिल सके। किंतु बिजली पोल गाड़ने वाले ठेकेदार ने वन भूमि में पोल गाड़ने के लिए विभाग से एनओसी लेने से बचने के चक्कर में सड़क के सोल्डर में पोल गाड़ दिया है। निरीक्षण के दौरान यह बात देखने में आयी और इसके लिए ठेकेदार को तलबकर उसे आगे कार्य के दौरान सोल्डर से दूर पोल लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

**अजगरबहार-जामबहार मार्ग में हो चुके हैं हादसे**

जामबहार से सतरेंगा तक भी बिजली पोल गाड़े गए हैं कहीं कहीं यह पोल सड़क से महज एक फुट दूरी पर गाड़ दिए गए जिससे कई बार तेज गति से आने वाले चार पाहिया व दो पहिया वाहनों के सड़क किनारे लगे बिजली पोल से टकराने की घटना होने से वाहन चालक गंभीर रुप से घायल भी हुए हैं। इसके मद्देनजर सड़क से कुछ दूर पोल लगाने के निर्देश दिए जाते हैं लेकिन कहीं कहीं पीएम सड़क योजना विभाग के इन निर्देशों का पालन होते नहीं दिख रहा है।

# भूविस्थापित अपनी मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट का करेंगे घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ किसान सभा के नेतृत्व में छोटे खातेदारों को रोजगार देने, भूविस्थापितों के लंबित रोजगार प्रकरणों के निराकरण, पूर्व में अधिग्रहित जमीन की वापसी, पट्टा, आंशिक अधिग्रहण पर रोक लगाने,

**खास बात**

- किसान सभा के नेतृत्व में निकलेगी रैली, शामिल होंगे सांसद अमराराम

पेयजल की व्यवस्था करने, बसावट एवं खनन प्रभावित गांवों की अन्य समस्याओं को लेकर 15 जून को जन आक्रोश रैली निकालकर कलेक्ट्रेट घेराव की चेतावनी दी गई है।

किसान सभा द्वारा शुरू किया गया आंदोलन भूविस्थापितों का जन सैलाब बनकर कोरबा की सड़कों पर दिखने वाला है कई भूविस्थापित संगठन इस घेराव में शामिल हो रहे है। जिला प्रशासन से भी कई बार हस्तक्षेप कर समस्याओं के समाधान की मांग की गई लेकिन प्रशासन ने समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया इस लिए विस्थापितों ने किसान सभा के नेतृत्व में अब आर पार की लड़ाई लड़ने का मन बना लिया है। आंदोलन को सफल बनाने के लिए गांव गांव में बैठक कर पर्चे वितरण के साथ भू विस्थापितों को एकजुट भी किया जा रहा है और किसान सभा ने आंदोलन को सफल बनाने के लिए पोस्टर,पर्चे के साथ गांव गांव माइक प्रचार कर भू विस्थापितों को संगठित करने का काम कर रही है। कलेक्ट्रेट घेराव और जन आक्रोश रैली को लेकर भू विस्थापित संगठनों के साथ आम जनता का व्यापक जन समर्थन मिल रहा है। जन आक्रोश रैली और कलेक्ट्रेट घेराव से पहले घंटाघर में सभा आयोजित होगी जिसे प्रमुख रूप से माकपा के लोकसभा सांसद और किसान सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कामरेड अमराराम, किसान सभा के राष्ट्रीय नेता अवधेश कुमार, आदिवासी एकता महासभा के प्रदेश अध्यक्ष और सचिव सुरेंद्र लाल सिंह एवं बाल सिंह सहित किसान सभा के प्रदेश के नेता और भूविस्थापित संगठनों के नेता संबोधित करेंगे।

# ठेका श्रमिकों की महासभा में पारित हुए तीन बड़े प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राष्ट्रीय कॉलरी वर्कर्स फेडरेशन के नेता भागवत प्रसाद दुबे के आह्वान पर शुक्रवार को कुसमुंडा के कबीर चौक में ठेका मजदूरों की आमसभा आयोजित किया

**खास बातें**

- आरसीडब्ल्यूएफ के आह्वान पर एकजुट हुए कोयला मजदूर
- जून से अगस्त तक चलेगा अभियान, एसईसीएल मुख्यालय का होगा घेराव

गया। इस आम सभा में एसईसीएल के कोयला खदानों में कार्यरत ठेका श्रमिकों, मजदूर प्रतिनिधियों और श्रमिक संगठनों ने हिस्सा लेकर अपनी एकजुटता का शंखनाद किया।

महासभा के दौरान श्रमिक नेताओं ने ठेका श्रमिकों के समस्याओं पर प्रकाश डाला। इस दौरान उन्होंने कहा कि कोयला खदानों की मुख्य और अनिवार्य गतिविधियों जैसे ड्रिलिंग ब्लास्टिंग डम्पर संचालन रूफ बोल्टिंग और कोयला उत्खनन में रात-दिन खटने वाले ठेका मजदूर ही इस उद्योग की असली रीढ़ हैं। नेताओं ने आह्वान किया कि अब वक्त आ गया है जब सभी मजदूरों को एक मंच पर आकर अपने अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष को और तेज करना होगा। महासभा के दौरान एक बड़े प्रस्ताव पारित किए गए जिनमें मुख्या रुप से प्रस्ताव क्रमांक 1 नियमितीकरण और धारा 57 का क्रियान्वयन, प्रस्ताव क्रमांक 2 श्रम कानूनों में विधिक संशोधन की मांग, प्रस्ताव क्रमांक 3 एनसीडब्ल्यूए -4 की कण्डिका 11.5.1 का स्मरण शामिल है। इस दौरान मोहम्मद नासिर खान, भावेन्द्र तिवारी, यूबीकेकेएस संगठन के अध्यक्ष सपुरन कुलदीप गैर-राजनीतिक संगठन के अतुल दास महंत, उमा गोपाल गोंडवाना पार्टी से गणेश सिंह ऊईके और प्रखर समाजसेवी नेत्री अनुसुईया राठौर सहित श्रमिक नेता उपस्थित रहे।



महासभा में शामिल ग्रामीण ठेका श्रमिक।

**जारी हुआ कुसमुंडा घोषणा-पत्र**

महासभा में सर्वसम्मति से ऐतिहासिक कुसमुंडा घोषणा-पत्र जारी किया गया जिसमें स्थायी कार्य के लिए स्थायी रोजगार और समान कार्य समान वेतन समान सम्मान के सिद्धांतों को बुलंद किया गया घोषणा-पत्र में मांग की गई कि हर ठेका श्रमिक को नियुक्ति पत्र वेतन पर्ची रोजगार कार्ड सामाजिक सुरक्षा आवास और चिकित्सा सुविधा अनिवार्य रूप से मिलनी चाहिए।

**बिलासपुर सीएमडी मुख्यालय के घेराव का ऐलान**

महासभा को संबोधित करते हुए आरसीडब्ल्यूएफ के प्रोफेसर भागवत प्रसाद दुबे ने एक बड़े आंदोलन की रूपरेखा की घोषणा की उन्होंने बताया कि जून से अगस्त 2026 के बीच खदानों में कार्यरत सभी ठेका मजदूरों का एक विस्तृत डेटा (आंकड़े) इकट्ठा किया जाएगा इसके पश्चात मजदूरों के हक में मांग पत्र सौंपने के लिए बिलासपुर स्थित एसईसीएल सीएमडी मुख्यालय का घेराव किया जाएगा।

# ढाबों में खुलेआम बिक रही अवैध देशी शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांकीमोंगरा

क्षेत्र में अवैध रूप से देशी शराब की खुलेआम बिक्री ने कानून-व्यवस्था और प्रशासन के दावों की पोल खोल कर रख दी है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र के कई ढाबे अब अवैध मयखानों में तब्दील हो चुके हैं, जहां आबकारी नियमों को ताक पर रखकर धड़ल्ले से शराब परोसी जा रही है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इन अवैध ठिकानों पर मनमाने दामों पर शराब बेची जा रही है। ढाबों में प्लेन देशी शराब 110 और मसाला शराब 130 में खुलेआम उपलब्ध कराई जा रही है। चौंकाने वाली बात यह है कि एक तरफ जहां शासन द्वारा अधिकृत शराब दुकानों में आए दिन उपभोक्ताओं को अपनी पसंद की शराब ना मिलने (शॉर्टेज) की शिकायतें सामने आ रही हैं, वहीं दूसरी ओर इन अवैध ढाबों में शराब का भारी स्टॉक हर समय मौजूद रहता है। इससे यह आशंका गहरा गई है कि अधिकृत दुकानों के स्टॉक को मिलीभगत कर ढाबों में खपाया जा रहा है। अवैध शराब की इस पैठ से स्थानीय नागरिकों और विशेषकर महिलाओं में भारी आक्रोश है। लोगों का साफ कहना है कि मुख्य सड़कों और आबादी के करीब स्थित ढाबों में यदि यह काला धंधा चल रहा है, तो यह बिना प्रशासनिक जानकारी या संरक्षण के संभव नहीं हो सकता। यह स्थिति न केवल आबकारी नियमों का खुला उल्लंघन है, इसके अलावा, देर रात तक ढाबों में जाम छलकने के कारण सड़कों पर दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है और असामाजिक तत्वों का जमावड़ा होने से क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था दांव पर लग गई है। स्थानीय क्षेत्रवासियों ने कार्यवाही की मांग की है।

# सागौन बाड़ी में अवैध बेजा कब्जा हटाने ननि ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल मुड़ापार बेरियर के नजदीक केरियर पब्लिक स्कूल जाने वाले रास्ते पर जमीन कब्जाने का खेल जारी है। पुलिस सुरक्षा के बीच नगर निगम ने सरकारी जमीन पर बने अवैध मकानों पर बुलडोजर चलाया है। इस दौरान बेजा कब्जाधारियों ने कार्यवाही का विरोध किया पर उनका विरोध बेनतीजा रहा।

**खास बात**

- नगर निगम व पुलिस प्रशासन की संयुक्त कार्यवाही

उल्लेखनीय है कि शहर में सरकारी जमीन पर धड़ल्ले से बेजा कब्जा किया जा रहा है। शहर के सागौन बाड़ी में अवैध बेजा कब्जाधारियों की बाढ़ सी आ गई है। देखते ही देखते सरकारी जमीन पर अवैध तरीके से मकानों का निर्माण किया जा रहा है। लगातार इसे लेकर शिकायतें भी सामने आ रही थी। आखिरकार मानसून सीजन से ठीक पहले इस पर संज्ञान लिया गया और कार्रवाई के निर्देश दिए गए। मानिकपुर चौकी पुलिस की टीम की देखरेख में निगम की टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। लगभग डेढ़ घंटे यहां पर मैदानी अमले ने बुलडोजर के साथ उपस्थिति दर्ज कराई और कई अतिक्रमण को जमींदोज कर दिया। कार्रवाई को लेकर कुछ महिलाओं ने बगावती तेवर दिखाने की कोशिश की जिन्हें महिला पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर शांत किया। बताया गया कि अतिक्रमण के चक्कर में कई प्रकार की समस्याएं खड़ी हो रही है और ऐसे में पानी निकासी का मसला खड़ा हो गया है। इसे ध्यान में रखते हुए निगम ने एक्शन लेना जरूरी समझा। और भी क्षेत्रों को इस मामले में चिन्हित किया गया है।



कार्यवाही करता निगम अमला।

जाँजगीर मार्केट

फर्नीचर, इमारती, सेंट्रींग लकड़ी थोक में
लकड़ी सेंट्रींग प्लाई, बल्ली बांस, चेहली, राफ्टर, बेड़ी, दरवाजे, चौखट, खिड़की, तखत, टेबल, दीवान, पलंग, आलमारी, सोफासेट, ड्रेसिंग, कुलर, स्टेडी टेबल, अन्य आधुनिक फर्नीचर कम दर में प्राप्त करें।
डीलर: अग्नि शामक यंत्र फायर सेफ्टी के विक्रेता।
विशेष: सेन्ट्रींग की लकड़ी फर्मा किराये में उपलब्ध।
शंकर सिंघानिया: मो.9302362173
आदित्य सिंघानिया: मो. 6260115021
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर

प्रवेश प्रारंभ
YASH ITI Lachhanpur Champa
N.C.V.T. and D.G.E.T.
दिल्ली एवं छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त कोर्स
ENGINEERING COURSE
1. Electrician 10TH PASSED 2 Year Course
2. Fitter 10TH PASSED 2 Year Course
3. Welder 10TH PASSED 1 Year Course
4. Diesel Mechanic 10TH PASSED 1 Year Course
NON- ENGINEERING COURSE
1. COPA - 10TH PASSED 1 Year Course
2. Health Senatory Inspector-10TH PASSED 1 Year Course
3. Steno Grapher (Hindi)-10TH PASSED 1 Year Course
संपर्क- यश आई.टी.आई.
साईं मंदिर के पास लछनपुर (चांपा), जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
मो. 88719-11141, 97533-79677

TOP IN JANJGIR

N·S·D·C National Skill Development Corporation Transforming the skill landscape
APPROVED BY NSDC CENTER NO. 69240
Leela's
पैरामेडिकल एवं नर्सिंग कोर्स
10 वी एवं 12 वी के छात्रो के लिए सुनहरा अवसर एक वर्षीय कोर्स
प्रवेश प्रारंभ सीमित सीट उपलब्ध
आकाश एजुकेशनल एकेडमी
केरा रोड, रजनीश बुक डिपो के सामने तिवारी काम्प्लेक्स
जांजगीर (छ.ग.) 495668 मो . 9399743304
कोर्स
- MPW-पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टी पर्पस हेल्थ वर्कर
- COT-सर्टिफिकेट इन OT टेक्नीशियन
- DMLT-डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन
- EMT-पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नी.
- एक्स-रे टेक्नीशियन
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फिजिशियन एसिसटेंश
अस्पतालो या पैथोलैब में कार्यरत विद्यार्थियो के पत्राचार एवं साप्ताहिक सुविधा उपलब्ध

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# इम्तियाज अली निर्देशित 'मैं वापस आऊंगा' हुई रिलीज...

**मुंबई।** फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' आज रिलीज हो गई है। यह फिल्म भारत के 1947 के बंटवारे के उथल-पुथल भरे दौर में पनपे प्यार और तड़प की कहानी कहती है। इम्तियाज अली ने इस फिल्म का निर्देशन किया है, जिसमें 2 अलग-अलग समय के दौर को खूबसूरती से पिरोया गया है। फिल्म में शरवरी ने जिया नाम का एक ऐसा किरदार निभाया है, जो इस जज्बाती और कई पीढ़ियों तक चलने वाली कहानी की धुरी है। शरवरी ने इस फिल्म को अपने दिल के बेहद करीब बताया। उन्होंने आगे बताया कि यह प्यार और तड़प की एक ऐसी कहानी है, जो सभी सीमाओं, समय और यादों से परे है।



लाइफ Style

# जेनिफर

## कब और किसके साथ सात फेरे लेंगी टीवी की 'माया'

छोटे पर्दे पर अपनी बेहतरीन अदाकारी से करोड़ों दिलों पर राज करने वाली एक्ट्रेस जेनिफर विंगेट एक बार फिर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चाओं में हैं। सोशल मीडिया पर बीते कुछ हफ्तों से चल रही तमाम अटकलों पर अब विराम लगता नजर आ रहा है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री के करीबी सूत्रों के हवाले से यह पक्की खबर सामने आई है कि जेनिफर इस समय सिंगापुर के बिजनेसमैन विलियम इश्माएल के साथ रिलेशनशिप में हैं। यह कपल अब अपने इस रिश्ते को शादी के मुकाम तक ले जाने की पूरी तैयारी कर चुका है। लगभग 41 साल की एक्ट्रेस के करीबी सूत्रों ने बताया है कि जेनिफर और इश्माएल कुछ समय से रिलेशनशिप में हैं और अब अपने रिश्ते को अगले पड़ाव पर ले जाने की तैयारी कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह कपल साथ में बहुत खुश है, विलियम ने छुट्टियों के दौरान जेनिफर को प्रपोज़ किया और उन्होंने इसे स्वीकार कर लिया। अब वे अपनी शादी की योजना बना रहे हैं।

खबर है कि यह कपल क्रिश्चियन रीति-रिवाज से शादी करने पर विचार कर रहा है। हालांकि शादी की तारीख और जगह अभी तय नहीं हुई है, लेकिन वे शादी के लिए सितंबर या अक्टूबर के बारे में सोच रहे हैं। अगर उन महीनों में शादी नहीं हो पाती है, तो वे दिसंबर या जनवरी में शादी के बंधन में बंध सकते हैं। जेनिफर की सगाई और शादी की योजनाओं की चर्चा ने फैंस को बहुत उत्साहित कर दिया है।

हॉलीवुड मसाला



# डांस से मंच पर मचेगी असली धूम

**लॉस एंजिल्स।** पॉप क्वीन मैडोना और एब्सोल्यूट वोदका मिलकर 'एब्सोल्यूट आइकॉन' नाम से एक नया कैंपेन शुरू कर रहे हैं। यह कैंपेन मैडोना के नए एलबम 'कॉन्फेशंस' से प्रेरित है। इस कैंपेन में डांस को एक खास जगह के तौर पर दिखाया जाएगा, जहां लोग एक-दूसरे से मिलते हैं और अपने मन की बात कह पाते हैं। मैडोना का कहना है कि संगीत और डांस के जरिए लोगों को आपस में जुड़ने से ऐसी खुशी मिलती है, जिससे वे अपनी जिंदगी की खुशी फिर से महसूस कर पाते हैं।



# 'विडोज बे' की रूथ का राज खुला, फिनाले में भूचाल...

**लॉस एंजिल्स।** एप्पल टीवी पर 'विडोज बे' का सीजन फिनाले 17 जून को आ रहा है और इस बार कहानी काफी गरमा गई है। पिछले एपिसोड में एक बड़ा खुलासा हुआ था। पता चला है कि मेयर टॉम की सहायक रूथ असल में इस शहर के संस्थापक की आखिरी वंशज है और शहर पर छाए डरावने श्राप की वजह भी वही है। एपिसोड तब खत्म हुआ जब टॉम टाउन हॉल से बाहर निकला। अटकलें लगाई जा रही हैं कि शायद वह रूथ के घर की तरफ ही जा रहा है। ऐसे में दर्शक यह जानने के लिए बेताब हैं कि आगे क्या होने वाला है। शो की क्रिएटर केटी डिपोल्ड बताती हैं कि वह हॉरर और कॉमेडी का मेल इसलिए करती हैं, क्योंकि उनकी नजर में जिंदगी एक बुरा सपना है और इसमें जिंदगी की बेतुकी हकीकत भी शामिल है।



# मैं कई मर्दों के साथ रिश्ता रखती हूं

**मुंबई।** अभिनेत्री शहाना गोस्वामी ने अपने रिश्तों को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि उनके जीवन में कई पुरुषों के साथ गहरे संबंध हैं, लेकिन ये रिश्ते किसी एक परंपरागत मोनोगेमी में बंधे नहीं हैं। शहाना का कहना है कि प्यार का मतलब जरूरी नहीं कि हमेशा एक ही व्यक्ति के साथ रहना हो। शहाना ने एक इंटरव्यू में साफ कहा कि इस समय उनका कोई एक खास पार्टनर नहीं है। फिर भी उनके कई लोगों के साथ लंबे समय से जुड़ाव है। ये संबंध कैजुअल नहीं हैं, बल्कि गहरी दोस्ती और समझ पर आधारित हैं। उन्होंने जोर दिया कि हर रिश्ता अपने आप में खास है और इन्हें किसी खास दिशा में जबरदस्ती ढालने की जरूरत नहीं है। शहाना के अनुसार, उनके कुछ संबंध सिर्फ दोस्ती तक सीमित रहते हैं, तो कुछ में शारीरिक नजदीकी भी आ जाती है।




# सनी- अक्षय के बीच होगी बड़ी जंग

**मुंबई।** बॉलीवुड के 2 दिग्गज कलाकार सनी देओल और अक्षय खन्ना जल्द ही एक धमाकेदार कोर्टरूम ड्रामा फिल्म में आमने-सामने नजर आने वाले हैं। नेटफ्लिक्स ने उनकी आगामी फिल्म 'इक्का' का एक बेहद दमदार और नया पोस्टर जारी कर दिया है, जिसके साथ ही फिल्म की आधिकारिक रिलीज तारीख का भी ऐलान कर दिया गया है। आइए जानते हैं अक्षय खन्ना और सनी देओल के कड़क अंदाज से सजी ये फिल्म किस दिन दर्शकों के बीच आएगी। सनी और अक्षय पूरे 29 साल बाद एक बार फिर स्क्रीन शेयर करने के लिए तैयार हैं। नेटफ्लिक्स ने अब फिल्म की रिलीज तारीख का ऐलान कर दिया है। ये फिल्म 10 जुलाई को सीधे नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। यह फिल्म एक दमदार और कड़क कानूनी ड्रामा है।

टीवी मसाला



# 'लॉकअप सीजन 2' में रितेश और फराह खान बनेंगे क्रूर जेलर...

**मुंबई।** एकता कपूर का रियलिटी शो 'लॉकअप' अपने दूसरे सीजन के साथ लौट रहा है। करीब 4 साल बाद वापसी करने जा रहा यह शो बेबाक ड्रामा, दिमागी खेल और नए सिस्टम पर आधारित होगा। निर्माताओं की ओर से लगातार शो के प्रोमो जारी हो रहे हैं, लेकिन प्रतियोगियों के नाम अब तक सामने नहीं आए। हालांकि सोशल मीडिया पर 'लॉकअप 2' में आने वाले प्रतियोगी के नामों पर अटकलें जोर-शोर से लगाई जा रही हैं।

***इन सितारों का नाम आ रहा सामने :*** 'लॉकअप 2' में इस बार होस्ट की कमान 2 मशहूर सितारों के हाथों में होगी। हालिया प्रोमो में खुलासा हुआ था कि रितेश देशमुख और फराह खान शो की थीम के अनुसार क्रूर जेलर बनेंगे। दोनों मिलकर प्रतियोगियों को शो में बने रहने के लिए अपनी सच्चाई स्वीकार करने के लिए मजबूर करते दिखेंगे। पिंकविला के मुताबिक, शो में आने वाले प्रतियोगियों में राम, शिवांगी और उर्फी जावेद, उर्वशी ढोलकिया, शिल्पा शिंदे और अर्चना गौतम का नाम चर्चा में है।

***इस बार नेटफ्लिक्स पर धाक जमाने आएगा शो :*** साल 2022 में 'लॉकअप' का पहला सीजन एमएक्स प्लेयर पर आया था, लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा। इस बार निर्माताओं ने नेटफ्लिक्स को शो का नया ठिकाना बनाया है। यह 27 जून, 2026 से दस्तक देने के लिए तैयार है। हर नए एपिसोड शनिवार से बुधवार तक भारतीय समयानुसार रात 8 बजे रिलीज होंगे। शो में कुल 14 प्रतियोगी शामिल होंगे जिन्हें टीमों में विभाजित किया जाएगा, जिससे वह मुश्किल मानसिक और शारीरिक कार्यों को पूरा कर सकें।

## 'बिग बॉस सीजन 20' के लिए सितारों से शुरू हुआ संपर्क



**मुंबई।** लोकप्रिय रियलिटी शो 'बिग बॉस' अपने 20वें सीजन के साथ लौटने वाला है। इसके लिए निर्माताओं ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। बताया जा रहा है कि आगामी सीजन दोगुना नाटकीय और रोमांचक सफर से भरपूर होगा। पिछले अन्य सीजन की तरह इस सीजन की मेजबानी भी सलमान खान करते हुए नजर आएंगे। चूंकि अभिनेता निर्देशक वामशी पेडिपल्ली की फिल्म 'एसवीसी 63' में व्यस्त हैं, इसलिए निर्माताओं ने उनके शेड्यूल को ध्यान में रखकर तारीख पर चर्चा की है। मीडिया सूत्रों के मुताबिक, पिछले सीजन की तरह ही 'बिग बॉस' का 20वां सीजन सितंबर महीने में टीवी पर लौटेगा। इसकी प्रीमियर तारीख 21 सितंबर तय करने की योजना बनाई जा रही है। बताया जा रहा है कि सलमान की टीम शो उनके शेड्यूल को व्यवस्थित करने और फिल्म की शूटिंग में कोई देरी न हो, इसके लिए तारीखें तय करने में जुटी हुई है। शो के निर्माता आधिकारिक तौर पर नए सीजन के साथ आगे बढ़ रहे हैं।



# ऐश्वर्या राय बनी जेडब्ल्यू मैरियट की ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस और मिस वर्ल्ड ऐश्वर्या राय बच्चन ने अपनी अचिवमेंट लिस्ट में एक और बड़ी उपलब्धि जोड़ ली है। बात दें, अब वह दुनिया के टॉप लग्जरी होटल ब्रांड जेडब्ल्यू मैरियट की ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर बन गई हैं। इस नए कॉलोब्रेशन के साथ ऐश्वर्या इंटरनेशनल लेवल पर ब्रांड का रिप्रेजेंट करती नजर आएंगी और इसके स्पेशल कैंपेन स्टे इन द मोमेंट से जुड़ेंगी।

***क्या है स्टे इन द मोमेंट?:*** जेडब्ल्यू मैरियट, जो मैरियट बॉनवॉय के ग्लोबल पोर्टफोलियो का हिस्सा है, उन्होंने हाल ही में इस कॉलोब्रेशन की अनाउंसमेंट की है। बता दें, ब्रांड का स्टे इन द मोमेंट प्लेटफॉर्म ट्रेवल्स को प्रेजेंट मोमेंट एन्जॉय करने, मेंटल पीस और जर्नी के डेस्टिनेशन तक पहुंचे के बजाय एक यादगार एक्सपीरियंस के तौर पर देखने के लिए इंस्पायर करता है। कंपनी का कहना है कि ऐश्वर्या राय की दुनिया भर में अच्छी पहचान है और उनकी छवि भी काफी मजबूत है। इसके साथ अलग-अलग देशों और संस्कृतियों के लोगों से जुड़ने की उनकी क्षमता उन्हें इस अभियान के लिए एक बेहतरीन चेहरा बनाती है। वहीं अब वह जेडब्ल्यू मैरियट के वैश्विक विज्ञापनों, डिजिटल कैंपेन, प्रिंट प्रमोशन और खास ब्रांड इवेंट्स में नजर आएंगी।

***ऐश्वर्या की पॉपुलैरिटी से मिलेगा फायदा :*** यह साझेदारी ऐसे समय में हुई है जब जेडब्ल्यू मैरियट अपने कारोबार को दुनिया भर में तेजी से बढ़ा रहा है। भारत भी कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार बन चुका है, जहां लग्जरी और खास अनुभवों वाली यात्राओं की मांग लगातार बढ़ रही है। इस बीच कंपनी को उम्मीद है कि ऐश्वर्या की पॉपुलैरिटी और ग्लोबल पहचान ब्रांड को और ज्यादा लोगों तक पहुंचाने में मदद करेगी। बता दें कि ऐश्वर्या राय ने 1994 में मिस वर्ल्ड का खिताब जीतकर अंतरराष्ट्रीय पहचान हासिल की थी। इसके बाद उन्होंने फिल्मों, फैशन और कई सोशल इवेंट्स के जरिए दुनिया भर में अपनी अलग पहचान बनाई। अब जेडब्ल्यू मैरियट की ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर बनने के साथ उनके करियर में एक और बड़ी अचीवमेंट जुड़ गई है।

# 'धमाल 4' का ट्रेलर जारी, पुरानी पलटन के कारनामे देख नहीं रुकेगी हंसी...




**मुंबई।** अजय देवगन की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'धमाल 4' का ट्रेलर आखिरकार जारी हो गया है। यह 4 गुना ज्यादा धमाचौकड़ी, अराजकता और भ्रम से भरपूर है, जिसने लोगों को अभी से उत्साहित कर दिया है।

फिल्म में अजय अपने किरदार 'गुड्डू' के रूप में लौटे हैं। उनके साथ-साथ रितेश देशमुख, अरशद वारसी और जावेद जाफरी की वापसी भी हुई है। इंद्र कुमार द्वारा निर्देशित यह 'धमाल फ्रैंचाइजी' की चौथी किस्त है। इस बार कहानी खजाने के इर्द-गिर्द घूमती है। कॉमेडी और ड्रामे से भरपूर यह फिल्म 10 जुलाई को सिनेमाघरों में आ रही है।

***अनोखा खजाना ढूंढने निकली पूरी पलटन :*** ट्रेलर पूरी तरह से कॉमेडी, अराजकता और पागलपन से भरपूर है, जो पलकें झपकाने का एक मौका नहीं देगा। इस बार अजय, रितेश, आदि और मानव खजाने की तलाश में निकलते हैं, लेकिन उनके सामने विलेन रवि किशन हैं। दो मछलियों पर पैर रखकर स्टंट करना, शब्बो' के बॉयफ्रेंड से टकराव होना और अजीबोगरीब परिस्थितियों में मानव का अपने-आप आगे आ जाना, ऐसे कई दृश्य हैं जो फिल्म देखने के लिए मजबूर कर देंगे। कुल मिलाकर ट्रेलर जबरदस्त लगता है।

### इन कलाकारों ने भी दिखाई कलाबाजी

'धमाल 4' का निर्माण टी-सीरीज फिल्म्स, मारुति इंटरनेशनल और पैनोरमा स्टूडियोज के बैनर तले किया गया है। यह हर उम्र के दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करने का वादा करती है। रवि भी फ्रैंचाइजी का हिस्सा बन गए हैं और अपने किरदार 'कैप्टन माइकल' के रूप में शानदार लगे हैं। उनके अलावा संजीदा शेख, अंजिल आनंद और उपेंद्र लिमये भी इसका हिस्सा हैं।

## गोविंद ने कहा- वो उनकी कल्पना से परे था और उनका भरोसा तोड़ा गया

# गोविंद नामदेव ने छोड़ी 'काला हिरण', बोले- मैं सलमान के खिलाफ कभी नहीं जा सकता

*मुंबई। सलमान खान के विवाद पर बनी फिल्म 'काला हिरण' को लेकर विवाद जारी है। अब फिल्म के अभिनेता गोविंद नामदेव ने निर्माताओं पर 'धोखा देने' का गंभीर आरोप लगाकर इस विवाद को नया मोड़ दे दिया है। एक हालिया बातचीत में अभिनेता ने दावा किया कि निर्माताओं ने उन्हें पूरी सच्चाई बताए बिना अंधेरे में रखकर शूटिंग कराई और ट्रेलर देखने के बाद उन्हें अहसास हुआ कि उनके साथ धोखा हुआ है।*





### जैसे ही टीजर देखा, मैं हिल गया...

गोविंद ने मीडिया से बातचीत में दावा किया कि निर्माताओं ने उनके साथ धोखाधड़ी की। जब फिल्म का टीजर आया, तब जाकर उन्हें अहसास हुआ कि उनके साथ धोखा हुआ है और उनका इस्तेमाल किया गया है। वो बोले, "जैसे ही मैंने टीजर देखा, मैं हिल गया। तुरंत समझ आ गया कि मुझे जिस काम के लिए शूट कराया गया था, मामला उससे बिल्कुल अलग है। मुझे जो बताया गया और जो बनाया गया, उसमें जमीन-आसमान का फर्क है।

### सच पता होता तो पहले ही मना कर देता : गोविंद

गोविंद ने कहा कि वो और सलमान खान एक ही फिल्म इंडस्ट्री से हैं और सलमान उनके अच्छे दोस्त हैं। उन्होंने साफ किया कि वह कभी भी उनके खिलाफ जाकर कोई काम नहीं कर सकते। गोविंद ने अफसोस जताते हुए कहा कि अगर उन्हें पहले से पता होता कि फिल्म को इस तरह सलमान के खिलाफ या विवादित रूप में पेश किया जाएगा, तो वह इसे तुरंत मना कर देते और कभी इस फिल्म को साइन ही नहीं करते।

### मैं बिश्नोई गैंग जैसी अपराधी सोच को आदर्श नहीं मान सकता

गोविंद बोले, मुझसे कहा गया कि आप ये कर दीजिए, दोबारा अदालत का सेट लगाने में बहुत पैसा खर्च होगा। मैंने भरोसा करके काम कर दिया। लगा मदद हो जाएगी, लेकिन अब टीजर देख लग रहा है कि उसी भरोसे का गलत फायदा उठाया गया। महसूस हो रहा है कि मेरे भरोसे के साथ खेल हुआ है। मेरे साथ गलत हुआ है। मैं किसी अपराधी सोच के साथ खड़ा नहीं हो सकता। ना ही बिश्नोई गैंग को आदर्श मान सकता।

### फिल्म के नाम पर मेरा भरोसा तोड़ा गया

गोविंद ने कहा कि उनकी कुछ शूटिंग बाकी थी, जिसमें गांव के दृश्य और हिरण से जुड़ी भावनात्मक कहानी दिखानी थी, लेकिन उनके साथ धोखा हुआ है। इसी वजह से उन्होंने फिल्म से अलग होने का फैसला कर लिया है। उन्होंने बताया कि शुरुआत में उन्होंने निर्माताओं से बात नहीं की थी, लेकिन अब वो उनसे सीधे जवाब मांगेंगे। उनके अनुसार, जिस तरह उन्हें स्थिति में डाला गया, वो उनकी कल्पना से परे था और उनका भरोसा तोड़ा गया है।

### पहले सुनाई भगवान कल्कि की कहानी, फिर बना दी 'काला हिरण'

*गोविंद ने बताया कि निर्माताओं ने पहले उन्हें 'संभल' नाम की फिल्म बताकर शूटिंग पर बुलाया, जिसकी कहानी भगवान कल्कि और धार्मिक इतिहास पर आधारित थी। बाद में पासा पलटते हुए कहा कि वे 'काला हिरण' नाम की फिल्म भी बना रहे हैं, जिसमें केवल सलमान के कोर्ट केस की असली कानूनी कार्रवाई दिखाई जाएगी। कोर्ट रिकॉर्ड में दर्ज बातों को सच मानकर गोविंद ने फिल्म के लिए हां कह दी, लेकिन बाद में कहानी पूरी तरह बदल दी गई।*

## खबर संक्षेप

### चंदेल ने प्रभारी मंत्री स्वेच्छानुदान मद से अमिता को 25 हजार रूपये देने की घोषणा



**जांजगीर-चांपा।** छ.ग. विधान सभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण चंदेल के जांजगीर-नैला स्थित जनसंपर्क कार्यालय में माउण्ट एवरेस्ट पर तिरंगा फहराने वाली जाबाज पर्वतारोही अमिता श्रीवास का श्री चंदेल ने पुष्पगुच्छ व कोसा का साल भेट कर स्वागत व अभिनंदन किया तथा मिष्ठान खिलाकर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुये कहा कि आपके अद्भुत, ऐतिहासिक व साहसी कार्य के लिये हम सभी क्षेत्र व अंचल के नागरिकगण आपको शुभकामनाएं देते है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री चंदेल ने कहा कि माउण्ट एवरेस्ट जैसे विशाल पर्वत पर हमारे क्षेत्र कि बिटिया अमिता श्रीवास ने तिरंगा फहराकर इस अंचल, जिला व प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है। उन्होंने अमिता को इस ऐतिहासिक कार्य के लिये बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुये प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व जिले के प्रभारी मंत्री ओ.पी. चौधरी को पत्र लिखकर अमिता श्रीवास को उचित सम्मान करने का आग्रह भारा निवेदन अपने पत्र में किया है। श्री चंदेल ने प्रभारी मंत्री स्वेच्छानुदान मद से अमिता श्रीवास को 25 हजार रूपये देने की घोषणा की। इसके साथ ही नगर व अंचल के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, विभिन्न संगठन के पदाधिकारियों, समाज के सभी वर्ग के लोगों ने पर्वतारोही अमिता श्रीवास को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

### विधायक की अनुशंसा पर जांजगीर-नैला में 35 लाख रुपए के विकास कार्य स्वीकृत

**जांजगीर-चांपा।** क्षेत्र के विकास को गति देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए ब्यास कश्यप की अनुशंसा पर नगरपालिका परिषद जांजगीर-नैला क्षेत्र में कुल 35 लाख रुपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है। ये सभी कार्य विधायक निधि से स्वीकृत किए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार जांजगीर-नैला नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत, तहसील कार्यालय जांजगीर परिसर में आम नागरिकों एवं अधिवक्ताओं की सुविधा के लिए सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 10 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। वहीं वार्ड क्रमांक 22 में विदेशी मदिरा दुकान के पीछे मछुआरा समाज के लोगों के लिए सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 20 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है, जिससे समाज के लोगों को सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए स्थायी भवन उपलब्ध हो सकेगा। इसके अतिरिक्त केरा रोड स्थित बैरिस्टर छेदीलाल भवन में अहाता निर्माण कार्य के लिए 5 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इस कार्य से भवन परिसर की सुविधाओं में विस्तार होगा तथा विभिन्न आयोजनों के संचालन में सहूलियत मिलेगी। विधायक ब्यास कश्यप ने कहा कि उनकी प्राथमिकता क्षेत्र के सभी वर्गों के लिए आवश्यक आधारभूत सुविधाओं का विकास करना है। उन्होंने बताया कि विधायक निधि का उपयोग जनहित एवं समाजोपयोगी कार्यों के लिए किया जा रहा है, जिससे स्थानीय नागरिकों को सीधे लाभ मिल सके। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि स्वीकृत विकास कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्र में सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

### महात्मा गांधी वार्ड क्रमांक 6 में अमृत मिशन नल-जल योजना का कार्य प्रगति पर



**शिवरीनारायण।** नगर के महात्मा गांधी वार्ड क्रमांक 6 में अमृत मिशन नल-जल योजना के अंतर्गत पाइपलाइन बिछाने एवं संबंधित निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है। योजना के तहत चल रहे कार्यों के कारण आवागमन में कुछ असुविधा और नागरिकों को अस्थायी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन वार्डवासियों का कहना है कि कार्य की गुणवत्ता और व्यवस्थित तरीके से किए जा रहे निष्पादन के कारण वे संतुष्ट हैं। स्थानीय नागरिकों के अनुसार, ठेकेदार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में कार्य शुरू होने के बाद निर्माण कार्य को चरणबद्ध और सुनियोजित ढंग से किया जा रहा है। जिस स्थान पर कार्य प्रारंभ किया जाता है, वहां का कार्य पूर्ण करने के बाद ही दूसरी जगह काम शुरू किया जाता है। इससे अधूरे कार्यों की समस्या नहीं हो रही और लोगों को कम समय तक असुविधा झेलनी पड़ रही है। वार्डवासियों ने बताया कि पूर्व में कई बार निर्माण कार्य लंबे समय तक अधूरे पड़े रहने से परेशानी होती थी, लेकिन वर्तमान में कार्य में एकाग्रता और अनुशासन देखने को मिल रहा है। लोगों को उम्मीद है कि योजना पूर्ण होने के बाद घर-घर स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी और नगर के नागरिकों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। नगरवासियों ने संबंधित विभाग एवं कार्य एजेंसी से कार्य की गति और गुणवत्ता इसी प्रकार बनाए रखते हुए योजना को निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाए, ताकि आम जनता को जल्द से जल्द बेहतर जलापूर्ति सुविधा मिल सके।

---

तीन साल से अधूरा पुल निर्माण, बिजली विभाग की उदासीनता से बढ़ा हादसे का खतरा

# सड़क निर्माण में बाधक बने विद्युत पोल, डब्ल्यूएमएम कार्य ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के कुकदा-रिंगनी कंजी नाला पुल एवं संपर्क सड़क निर्माण कार्य में एक बार फिर बिजली विभाग की उदासीनता सामने आई है। निर्माण स्थल के बीच खड़े पुराने विद्युत पोल और उससे जुड़े 11 केवी विद्युत तारों को अब तक नहीं हटाए जाने के कारण सड़क निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा है। स्थिति यह है कि पुल के समीप चल रहा डब्ल्यूएमएम (वेट मिक्स मैकडम) कार्य पूरी तरह ठप पड़ गया है, जिससे निर्माण एजेंसी और ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ रही है।

जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) विभाग ने विद्युत पोल शिफ्टिंग के लिए आवश्यक राशि जनवरी माह में ही केरा सब स्टेशन के माध्यम से बिजली विभाग में जमा करा दी थी। इसके बाद विभाग ने नया पोल तो स्थापित कर दिया, लेकिन पुराने पोल और 11 केवी लाइन को हटाने की कार्रवाई अब तक पूरी नहीं की गई। परिणामस्वरूप सड़क निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ पा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पुल निर्माण कार्य पिछले तीन वर्षों से अधूरा पड़ा हुआ है। नियमानुसार यह कार्य एक वर्ष के भीतर पूरा हो जाना चाहिए था, लेकिन विभागीय समन्वय की कमी और उदासीनता के कारण लगातार विलंब हो रहा है। वर्तमान में पुल के दोनों ओर सड़क निर्माण का अंतिम चरण चल रहा है, परंतु मार्ग के बीच खड़े पोल के कारण मशीनों का संचालन और रोलिंग कार्य बाधित हो रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार कुछ दिन पहले निर्माणाधीन पुल के पास रैंप क्षेत्र में एक ट्रैक्टर पलट गया था। चालक समय रहते वाहन से कूद गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि सड़क के बीच खड़े पोल और बिजली तारों को जल्द नहीं हटाया गया तो भविष्य में किसी भी राहगीर या वाहन चालक के साथ गंभीर दुर्घटना हो सकती है।



निर्माण कार्य के दायरे में आ रहा विद्युत पोल।

#### होगी हटाने की कार्रवाई

पोल हटाने का कार्य करने वाले ठेकेदार हरिद्वार गए हुए हैं। उनके लौटने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-रामचरण साहू, असिस्टेंट इंजीनियर

#### बरसात में कट जाता है 20 गांवों का संपर्क

ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दौरान कंजी नाला में बाढ़ आने से क्षेत्र का संपर्क मार्ग पूरी तरह बंद हो जाता है। यदि पुल और संपर्क सड़क का निर्माण समय पर पूरा नहीं हुआ तो करीब 20 गांवों के लोगों को एक बार फिर आवागमन की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ेगा। इससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होगी, मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में कठिनाई होगी और आवश्यक सेवाएं भी बाधित हो सकती हैं। ग्रामीणों के अनुसार लगभग दो सप्ताह पहले भी इस समस्या को लेकर समाचार प्रकाशित हुआ था। इसके बाद बिजली विभाग ने नया पोल तो लगा दिया, लेकिन पुराने पोल और 11 केवी लाइन को हटाने का कार्य अधूरा छोड़ दिया। इससे ग्रामीणों में विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि विभागीय लापरवाही का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। उनका कहना है कि समय रहते पोल और विद्युत लाइन नहीं हटाई गई तो निर्माण कार्य और अधिक विलंबित होगा तथा दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहेगी। पीएमजीएसवाई द्वारा राशि जमा किए जाने के बावजूद कार्य लंबित रहना कई सवाल खड़े कर रहा है।

---




## अंबेडकर चौक में तोड़फोड़ ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

ग्राम पंचायत बम्हनीन स्थित अंबेडकर चौक में असामाजिक तत्वों द्वारा की गई तोड़फोड़ की घटना से क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। 12 जून की रात कुछ युवकों ने कथित रूप से नशे की हालत में बम्हनीन स्थित अंबेडकर चौक पर लगी स्टील रेलिंग को क्षतिग्रस्त कर दिया तथा भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की गरिमा को ठेस पहुंचाने का प्रयास किया।

- ग्रामीणों ने थाना पहुंचकर सौंपा ज्ञापन, पुलिस ने दर्ज किया मामला

घटना की जानकारी मिलते ही ग्राम पंचायत बम्हनीन के सरपंच पंकज मिरी ग्रामीण एवं सामाजिक संगठन के युवा सदस्य मौके पर पहुंचे और स्थिति को शांत कराया। इसके बाद तत्काल अकलतरा थाना में कार्रवाई की मांग को लेकर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी भास्कर शर्मा के निर्देशन में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 298 सहित अन्य प्रासंगिक धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। ग्रामीणों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के सम्मान की रक्षा तथा सार्वजनिक स्थलों पर होने वाली असामाजिक गतिविधियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने एवं कानून व्यवस्था भंग करने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। ज्ञापन सौंपने वालों में सुरेन्द्र लहरे, निक्कू कुमार पाटले, कुंवर ऑग्रे, शैलेंद्र कुमार रात्रे, छोटू सोनवानी, शंकर डहरिया, धीरेंद्र कुमार जसकर, सत्य कुमार एवं गांव के लोग भी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

---

### बकाया बिजली बिल सेटलमेंट के नाम पर 15 हजार रुपये मांगने का आरोप, हुई शिकायत

**शिवरीनारायण।** शिवरीनारायण विद्युत उपकेंद्र में पदस्थ लाइन इंस्पेक्टर पर बकाया बिजली बिल के सेटलमेंट के एवज में अवैध रूप से राशि मांगने का गंभीर आरोप लगा है। शिवरीनारायण निवासी भरत लाल कश्यप ने आरोप लगाया है कि उनके पिता के वर्षों पुराने बकाया बिजली बिल को लेकर लाइन इंस्पेक्टर द्वारा उनसे 15 हजार रुपये की मांग की गई थी। इस मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल है तथा ग्रामीणों में नाराजगी देखी जा रही है पीड़ित भरत लाल कश्यप के अनुसार,आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वह 15 हजार रुपये की व्यवस्था नहीं कर पाए। उन्होंने किसी तरह 5 हजार रुपये देने की बात कही, लेकिन इसके बावजूद उनकी बिजली आपूर्ति काट दी गई। भरत लाल का कहना है कि भीषण गर्मी के इस मौसम में बिजली कनेक्शन कट जाने से उनके परिवार को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि बकाया राशि का मामला था तो विभागीय नियमों के अनुसार पहले विधिवत नोटिस दिया जाना चाहिए था। ग्रामीणों का कहना है कि यदि किसी उपभोक्ता पर बिजली बिल बकाया है तो विद्युत विभाग द्वारा पहले नोटिस जारी किया जाता है तथा निर्धारित प्रक्रिया का पालन किया जाता है।

---

## अधिक पुरुषोत्तम मास में भागवत कथा श्रवण एवं नाम-जप का विशेष महत्व : शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

अधिक मास पुरुषोत्तम मास के अवसर पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धालुओं को कथा-रस का पान कराते हुए ज्योतिषाचार्य पंडित दीनदयाल शास्त्री ने कहा कि मनुष्य को सत्संग एवं श्रीमद्भागवत कथा श्रवण का अवसर बड़े भाग्य और अनेक जन्मों के संचित पुण्यों के उदय से प्राप्त होता है।

- पुरुषोत्तम मास के अवसर पर श्रीमद् भागवत कथा का हुआ आयोजन

उन्होंने शास्त्रों का उल्लेख करते हुए कहा "भाग्योदयेन बहुजन्मसमर्जितेनसत्संगमल्लभते पुरुषो यदा वै। तद्देवनाश्रितमनोऽपि सदा भवेद्धिसद्यो विमुच्यति भवार्णवसिन्धुतारे॥"अर्थात अनेक जन्मों के संचित पुण्यों के प्रभाव से जब मनुष्य को सत्संग प्राप्त होता है और उसका मन भगवान की शरण में स्थिर हो जाता है, तब वह शीघ्र ही संसार रूपी भवसागर से पार हो जाता है। कलियुग में भगवान के नाम का जप ही सबसे सरल एवं श्रेष्ठ मुक्ति का साधन है। यह संसार कर्मभूमि है और मानव जीवन अत्यंत दुर्लभ है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन को सार्थक बनाने के लिए निरंतर भगवान के नाम का स्मरण एवं जप करना चाहिए। जिस प्रकार भगवान श्रीहरि ने मलमास को पुरुषोत्तम मास के रूप में प्रतिष्ठित कर उसे पवित्र एवं श्रेष्ठ बनाया, उसी प्रकार वे हमारे जीवन, कर्म और विचारों को भी पवित्र करें। उन्होंने बताया कि अधिक पुरुषोत्तम मास सभी मासों में सर्वोत्तम माना गया है। इस माह में किए गए दान, जप, तप, व्रत, पूजा-पाठ तथा भगवान विष्णु एवं भगवान शिव की आराधना का फल सामान्य दिनों की अपेक्षा हजारों गुना अधिक प्राप्त होता है। कथा के दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं को आगामी सोमवती अमावस्या के महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि इस दिन पवित्र नदियों एवं तीर्थों में स्नान, दान, जप, तप, पितरों का तर्पण, जरूरतमंदों की सहायता तथा मंदिरों में दान करने का विशेष पुण्य फल प्राप्त होता है। आयोजित श्रीमद भागवत कथा के आयोजक श्रीमती लछमीन केशरवानी, राजू व रामु केशरवानी सहित श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



उपस्थित श्रद्धालुओं को कथा सुनाते पंडित दीनदयाल शास्त्री।

---

### बाल श्रम के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर विकासखंड बम्हनीडीह के ग्राम पोंड़ीकला में बाल श्रम के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य बाल श्रम के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा बच्चों को शिक्षा, सुरक्षा एवं सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए समुदाय को प्रेरित करना था। कार्यक्रम में बाल श्रम को एक सामाजिक बुराई बताते हुए इसकी रोकथाम एवं बच्चों के शिक्षा, स्वास्थय तथा समग्र विकास के अधिकारों के संरक्षण की जानकारी दी गई। इस दौरान विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई।

---

## अकलतरा में आयोजित हुई वेडिंग सिनेमेटिक वर्कशॉप

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

डिजिटल युग में फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी के क्षेत्र में तेजी से हो रहे नवाचारों के बीच अकलतरा नगर में एक अनूठे एवं ज्ञानवर्धक आयोजन का सफल आयोजन किया गया। अकलतरा फोटोग्राफर संघ के तत्वावधान में आयोजित वेडिंग सिनेमेटिक वर्कशॉप ने क्षेत्र के फोटोग्राफरों, वीडियोग्राफरों एवं इस क्षेत्र में करियर बनाने की इच्छा रखने वाले युवाओं को आधुनिक तकनीकों से परिचित कराया।

कार्यशाला में देश के प्रसिद्ध मेंटर नीरज विश्वकर्मा ने मुख्य प्रशिक्षक के रूप में सहभागिता निभाई। उन्होंने प्रतिभागियों को वेडिंग फोटोग्राफी और सिनेमेटिक वीडियोग्राफी के बदलते स्वरूप, नवीन तकनीकों तथा रचनात्मक प्रस्तुतीकरण के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को सिनेमेटिक तकनीक, लाइटिंग सीक्रेट्स, कैमरा लेंस एवं आधुनिक उपकरणों के चयन, लाइव शूट सेशन तथा प्रोफेशनल एडिटिंग के महत्वपूर्ण पहलुओं पर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। नीरज विश्वकर्मा ने बताया कि वर्तमान समय में केवल तस्वीरें लेना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि प्रत्येक फ्रेम को कहानी के रूप में प्रस्तुत करना ही सफल सिनेमेटिक वेडिंग फोटोग्राफी की पहचान बन चुकी है। अकलतरा फोटोग्राफी संघ के अध्यक्ष कलेश्वर रात्रे, सचिव सतीश दास, उपाध्यक्ष हरिशंकर कंवर तथा कोषाध्यक्ष सतीश धीवर ने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थानीय युवाओं को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय तकनीक से जोड़ने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम का संचालन बिरेंद्र साहू एवं आभार प्रदर्शन प्रेम निर्मलकर ने किया।




वर्कशॉप में उपस्थित फोटोग्राफी संघ के पदाधिकारी।

---

## अघोर, अघृणा का ही दूसरा नाम : कपालिक बाबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

अघोर पीठ जनसेवा अभेद आश्रम ट्रस्ट का 18वां स्थापना दिवस एवं संस्था के संस्थापक कपालिक धर्मरक्षित राम का जन्मोत्सव भक्तिमय वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर आश्रम परिसर में धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सेवा कार्यों से जुड़े विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, साधकों, मातृशक्ति, क्षेत्रवासियों एवं गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातःकाल विधि-विधानपूर्वक आरती-पूजन, ध्वजा पूजन एवं सफल योनि पाठ के साथ हुआ। इसके पश्चात आश्रम परिसर में अखंड रामचरितमानस पाठ का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर आयोजित अखंड संकीर्तन में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। भजन, कीर्तन एवं गुरु वंदना के माध्यम से उपस्थित भक्तों ने कपालिक बाबा के प्रति अपनी श्रद्धा अर्पित की। पूरे दिन आश्रम परिसर जयघोषों एवं भक्ति गीतों से गुंजायमान रहा। इस अवसर पर समाज के जरूरतमंद एवं आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को छाता एवं मच्छरदानी का वितरण किया गया, ताकि वे वर्षा ऋतु एवं मौसमी बीमारियों से सुरक्षित रह सकें। शिक्षा को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए आरटीई के अंतर्गत अध्ययनरत विद्यार्थियों को शाला बैग वितरित किए गए साथ ही अस्पताल में मरीजों एवं उनके परिजनों के बीच दूध, ब्रेड एवं फलों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर कापालिक बाबा ने कहा कि अघोर, अघृणा का ही दूसरा नाम है। अघोर का मूल संदेश प्रेम, करुणा, समरसता एवं मानव मात्र के प्रति सम्मान की भावना को स्थापित करना है। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं ने बाबा जी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा प्रेम, भाईचारा, सेवा एवं मानवता के मूल्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

- अघोर पीठ जनसेवा अभेद आश्रम ट्रस्ट का 18वां स्थापना दिवस मना



---

मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर कटनाई में प्रबुद्धजन संवाद कार्यक्रम

## प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने हासिल की विकास के क्षेत्र में नई उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर ग्रामीण मंडल अकलतरा के ग्राम कटनाई में प्रबुद्धजन संवाद एवं लाभार्थी संपर्क कार्यक्रम का आयोजन सांसद कमलेश जांगड़े, छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यलता मिरी, जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति महादेव नेताम, को-ऑपरेटिव बैंक बिलासपुर संभाग की उपाध्यक्ष रजनी साहू जिला महामंत्री नंद चौधरी युवामोर्चा जिला अध्यक्ष आकाश सिंह के आतिथ्य में किया गया।

कार्यक्रम में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों तथा बीते 12 वर्षों की उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की गई। सांसद कमलेश जांगड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में नई उपलब्धियां हासिल की हैं। छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह ने कहा कि अकलतरा विधानसभा क्षेत्र में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण, अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशन विकास, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा आयुष्मान भारत योजना सहित विभिन्न कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि बीते वर्षों में आधारभूत संरचनाओं का तेजी से विस्तार हुआ है। भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी गांव-गांव तक विकास पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ सभी वर्गों तक पहुंच रहा है तथा जनता के सहयोग और विश्वास से देश निरंतर प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री सुबोध थवाईत ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन प्रेमसागर कश्यप ने किया। इस अवसर पर जितेंद्र सिंह, विजय मिश्रा, ललित सोनी, सुशील चौबे, रामसुमेर परौहा, पुष्पेंद्र थवाईत, प्रभा सिंह, गोमती कंवर, पूर्णिमा कश्यप,लुकेश साहू, नरसिंह बरगाह, रमा मिरी, राधेश्याम साहू, राजकुमार निर्मलकर, मनीष धीवर, दीपक पटेल, लव मिरी, रामायण कश्यप व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथिगण।

---

## किसान स्कूल में राज्य स्तरीय मशरुम महोत्सव 26 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

बहेराडीह में स्थित देश के पहले किसान स्कूल में शुक्रवार 26 जून को राज्य स्तरीय मशरूम ( पुटू ) महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। वरिष्ठ पत्रकार स्व कुंजबिहारी साहू की जन्म जयंती अवसर पर आयोजित इस मशरूम महोत्सव में प्रदेशभर के किसान, कृषि विशेषज्ञ, मशरूम उत्पादक, युवा उद्यमी और कृषि क्षेत्र से जुड़े लोग एवं छात्र-छात्राएं शामिल होंगे।

इस सम्बन्ध में वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह के संचालक दीनदयाल यादव ने बताया कि महोत्सव का मुख्य उद्देश्य मशरूम उत्पादन, प्रसंस्करण विपणन और उद्यमिता को बढ़ावा देना है। साथ ही, किसानों, महिला एवं स्व सहायता समूहों, युवाओं और कृषि उद्यमियों को स्व रोजगार के नए अवसरों को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। किसान स्कूल टीम के डॉ. सुरेश देवांगन, रामाधार देवांगन ने बताया कि महोत्सव के दौरान विविध प्रकार की प्राकृतिक मशरूम, कृत्रिम मशरूम की प्रदर्शनी आकर्षण का मुख्य केंद्र होगी। इसके अलावा मशरूम उत्पादन, एवं उद्यमिता विषयक तकनीकी सत्र सफल उद्यमियों का अनुभव साझा कार्यक्रम तथा राज्य स्तरीय मशरूम प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा आधुनिक तकनीकों, बाजार की सम्भावनाओं और मशरूम आधारित व्यवसाय के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी जाएगी।